# कैपिटल ज़ोन

उवाच

भारत एक लोकतांत्रिक देश है और लोकतांत्रिक देश में सबसे अहम होता चुनाव और मत देना। लोकतंत्र एक यज्ञ की तरह होता है जिसमें मतों की आहुति सबसे अहम मानी जाती है।

- बीएन. सिंह, जिलाधिकारी

## जेवर एयरपोर्ट निर्माण की एक और बाधा दूर

### रक्षा मंत्रालय से जेवर हवाई अड्डा को मिली मंजूरी

■ अगस्त तक निर्माण को लेकर जारी कर दिया जाएगा टेंडर

**ग्रेटर नोएडा,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। जेवर में प्रस्तावित नोएडा अंतरराष्ट्रीय ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा के निर्माण की एक और बाधा दूर हो गई है। रक्षा मंत्रालय ने हवाई अड्डा निर्माण को मंजूरी दे दी है। रक्षा मंत्रालय की तरफ से नागरिक उड्डयन मंत्रालय को शर्तों के तहत मंजूरी दी गई है। सपा सरकार में रक्षा मंत्रालय से मंजूरी न मिल पाने के कारण आगरा में एयरपोर्ट निर्माण को हरी झंडी नहीं मिली थी। अब माना जा रहा है कि क्षेत्रफल के हिसाब से देश का सबसे बड़ा हवाई अड्डा का निर्माण 2022 तक पूरा हो जाएगा।

जेवर में हवाई अड्डा निर्माण को लेकर नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने तीन जुलाई 2017 को साइट क्लीयरेंस दे दी थी। इसके बाद प्रदेश सरकार ने एयरपोर्ट निर्माण को लेकर प्रक्रिया शुरू कर दी थी। एयरपोर्ट निर्माण को लेकर प्रदेश सरकार ने यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण को नोडल एजेंसी बनाया है। एयरपोर्ट निर्माण को लेकर रक्षा मंत्रालय से मंजूरी लेनी होती है। रक्षा मंत्रालय से मंजूरी के लिए नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने आवेदन किया था। जिस पर रक्षा मंत्रालय ने नियमत शर्तों के आधार पर मंजूरी दे दी है। फैस-एक में जेवर एयरपोर्ट के लिए 1327 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण किया जा रहा है। यमुना एक्सप्रेस-वे प्राधिकरण ने जमीन अधिग्रहण का प्रस्ताव तैयार कर आठ दिसम्बर को जिला प्रशासन को भेज दिया था। जमीन अधिग्रहण को लेकर सामाजिक प्रभाव का सर्वे गौतबुद्ध विश्वविद्यालय की टीम कर रही है। प्राधिकरण ने एयरपोर्ट निर्माण को लेकर तकनीकी आर्थिक फिजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार करने के लिए पीडब्ल्यूसी को कंसल्टेंट नियुक्त किया है। पीडब्ल्यूसी को 15 मार्च तक टीईएफआर तैयार करने का समय दिया गया है। 30 मार्च तक प्राधिकरण ने टीईएफआर को नागरिक उड्डयन मंत्रालय से मंजूरी के लिए प्रदेश सरकार के माध्यम से भेज देगा। प्राधिकरण की तैयारी है कि जुलाई तक पर्यावरण को लेकर केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय से मंजूरी ले लिया जाए। अगस्त तक हवाई अड्डा निर्माण को लेकर एजेंसी का चयन करने के लिए टेंडर निकाल दिया जाएगा। एयरपोर्ट का निर्माण कार्य पूरा करने के लिए 2022 तक लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

## सीईओ ने दौरा कर बिल्डर प्रोजेक्ट का किया निरीक्षण



■ सीईओ देवाषीश पांडा ने किया ग्रेनो वेस्ट का दौरा
■ सेक्टर-10 व 12 में प्राधिकरण निर्मित मकानों का किया निरीक्षण

**ग्रेटर नोएडा,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में बिल्डर फ्लैट निर्माण कार्य में किस तरह गुणवत्ता का इस्तेमाल कर रहे हैं ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी देवाषीश पांडा गुरुवार को औचक निरीक्षण पर निकल पड़े। टेकजोन-चार में गौड सुंदरम, हैबीटेक व न्यू वे समेत चार बिल्डरों के प्रोजेक्ट का औचक निरीक्षण किया। चारों बिल्डरों ने कुछ टॉवर के कंप्लीशन सार्टीफिकेट प्राधिकरण से हासिल कर लिया है। सीईओ ने मौके पर देखा कि इन टॉवरों का फिनिशिंग का कार्य अभी पूरा नहीं हुआ है। इस पर सीईओ ने बिल्डर से जवाब तलब किया। बिल्डरों की तरफ से जवाब दिया गया कि रजिस्ट्री कराने के बाद कब्जा देते समय फिनिशिंग का काम पूरा कर देते हैं। इस पर सीईओ ने नाराजगी जाहिर की और बिल्डरों से पहले फ्लैटों का फिनिशिंग कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। बिल्डर प्रोजेक्ट का निरीक्षण करने के बाद सीईओ ने सेक्टर-10 व 12 में प्राधिकरण के बने फ्लैट व मकान का निरीक्षण किया। सीईओ ने दोनों सेक्टर के अंदर जल्द मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इस दौरान अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी केके गुप्ता, बीके त्रिपाठी, महाप्रबंधक परियोजना केके सिंह, राजीव त्यागी समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस ग्रामीणों का लोकतंत्र में विश्वास अधिक : बीएन सिंह



■ भारत युवाओं का देश है, युवा अपने कर्तव्य का निर्वहन करें : जिलाधिकारी
■ छात्रों ने नृत्य, रंगोली, पेंटिंग व नाटकों के माध्यम से किया जागरूक

**ग्रेटर नोएडा,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। जिला निर्वाचन कार्यालय ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर युवा वोटर उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के 60 से अधिक कॉलेजों ने भाग लिया, जिसमें मुख्य अतिथि जिलाधिकारी बीएन. सिंह ने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है और लोकतांत्रिक देश में सबसे अहम होता चुनाव व मत देना। लोकतंत्र एक यज्ञ की तरह होता है जिसमें मतों की आहुति सबसे अहम मानी जाती है। आईआईएमटी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में उन्हों ने कहा कि वोट प्रतिशत को देखते हुए कहा जा सकता है ग्रामीण लोगों का जनतंत्र मे विश्वास अधिक है जबकि शहरी लोग चुनाव को लेकर अपनी जिम्मेदारी नहीं निभाते। भारत युवाओं का देश है इसलिए युवाओं का कर्तव्य है कि वे स्वयं मत डालें व अपने परिवार वालों और आसपास के लोगों को भी मत डालने के लिए प्रेरित करें। अपर जिलाधिकारी कुमार विनीत ने कहा कि जब तक एक मतदाता को अपने मत का अर्थ नहीं समझ आयेगा तब तक भारत का सिस्टकम बदलना मुश्किल है। कॉलेज के प्रबंध निदेशक मयंक अग्रवाल ने कहा कि युवाओं को वोट को बोझ न समझकर अपना कर्तव्यर समझना चाहिए। इस अवसर पर मताधिकार विषय पर पेन्टिअग प्रतियोगिता रंगोली प्रतियोगिता व क्विज प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक प्रवीन कुमार उपाध्यापय एवं सिटी मजिस्ट्रेट राजेश कुमार भी उपस्थित थे।

## सार संक्षेप

### बच्चों को विंग कमांडर ने सुनाई भारतीय सेना के गौरव की कहानियां



**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेड्स इंटरनेशनल स्कूल, ईटा-2 में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में दादा-दादी, नाना-नानी की कहानी भारत की कहानी का आयोजन किया गया। बच्चों के दादा-दादी व नाना-नानी ने उत्साह के साथ इसमें प्रतिभाग किया। अपने अनुभव एवं कवियों की जीवनी पर आधारित कहानियां सुनाई। बच्चों ने उत्साह के साथ पितामह-पितामही के समक्ष सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस आयोजन के मुख्य अतिथि विंग कमांडर आर.एन. शुक्ल ने बच्चों को भारतीय वायु सेना की गौरवमहिमा से अवगत कराया एवं बच्चों में भारतीय सेना में योगदान के लिए उत्साहित किया।

### बदमाशों ने युवक से मोबाइल लूटा

**ग्रेटर नोएडा।** कासना कोतवाली क्षेत्र के औद्योगिक क्षेत्र के साइट चार में स्थित रामलीला मैदान के सामने रात के वक्त स्कूटी सवार तीन बदमाशों ने मॉल से लौट रहे एक युवक को तमंचे के बल पर लूट लिया। पुलिस ने लूट के मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफलूट का मामला दर्ज किया गया है।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर एसएसपी ने दिलाई शपथ

**ग्रेटर नोएडा।** सूरजपुर में स्थित पुलिस मुख्यालय पर एसएसपी लव कुमार ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कार्यालय में मौजूद सभी पुलिस कर्मचारियों को मतदान करने की शपथ दिलवाई। शपथ कार्यक्रम में एसएसपी लव कुमार ने कहा कि सभी नागरिकों को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए मतदान करने जरूर जाना चाहिए। युवाओं में मतदान करने की प्रेरणा वरिष्ठ लोगों को देखकर ही मिलती है।

### नौ कुंडीय गायत्री यज्ञ व प्रज्ञा पुराण के पूर्व निकाली गई कलश यात्रा

**ग्रेटर नोएडा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज, हरिद्वार के तत्वाधान मे,चेतना केंद्र,नोएडा और शाखा-प्रज्ञा विस्तार केंद्र, ग्रेटर नोएडा के सहयोग से पावन प्रज्ञा पुराण कथा व 9 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन 25 से 28 जनवरी को सेक्टर अल्फा-एक में किया गया है, इसी के साथ गुरुवार को सेक्टर अल्फा-दो शिव मंदिर के भव्य कलश यात्रा निकाली गयी, जिसमें महिलाओं और गायत्री परिवार के लोगों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया।

### विद्युत कनेक्शनों के लिए कैम्प अभियान

**रबूपुरा।** कोतवाली क्षेत्र में विद्युत विभाग द्वारा बकाया बिल भुगतान, नये कनेक्शन आदि के लिए कैम्प अभियान चलाया जा रहा है। विद्युत कर्मचारी गांव-गांव, घर-घर जाकर उपभोक्ताओं को बिल वितरण करते हुए बिल भुगतान कर रहे हैं। उपकेन्द्र पर कार्यरत कार्यवाहक जेई रामौतार सैनी ने बताया कि विभागीय उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार गांवों में कैम्प लगाकर बिल वसूली का कार्य किया जा रहा है।

### विद्युत नगरीय वितरण खंड का उद्घाटन

**जेवर।** जेवर बिजली घर पर गुरुवार को विधुत नगरीय वितरण खंड कार्यलय का जेवर विधायक ने उद्घाटन किया। अब जेवर तहसील के लोगों को विद्युत विभाग की समस्याओं को लेकर दादरी नही जाना पड़ेगा। अधिशासी अभियंता राकेश मोहन ने बताया कि जेवर क्षेत्र के लोगों को विद्युत बिल आदि समस्याओं को लेकर पहले दादरी जाना पड़ता था।

## पुराछात्र मिलन समारोह में छात्रों ने अपनी सफलता को किया साझा



**ग्रेटर नोएडा,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। पुराछात्र मिलन समारोह का आयोजन जीएल. बजाज संस्थान में आयोजित किया गया, जिसका शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर संस्थान के वाइस चेयरमैन पंकज अग्रवाल, संस्थान के निदेशक डॉ. राजीव अग्रवाल तथा सभी विभागों के हेड शामिल हुए। संस्था के वाइस चेयरमैन ने पूर्व विद्यार्थियों को संबोधन करते हुए पूर्व छात्रों को शुभकामनाएं दी। संस्थान के निदेशक ने छात्रों को कॉलेज की प्रगति तथा उपलब्धियों से अवगत कराया गया। पुरातन छात्रों में चन्दनदीप 2009 एम.इ, विनय चतुर्वेदी 2012 इ.इ., अगम 2012 आदि ने कॉलेज में वर्तमान अध्यनरत छात्रों के साथ संवाद स्थापित किया तथा अपने जीवन के अनुभवों को साझा किया।

## फिल्म पद्मावत को देख सबने बोला नहीं है कुछ आपत्तिजनक

### मॉल व सिनेमा घरों में पुलिस की रही कड़ी निगरानी, भारी पुलिस बल तैनात

**ग्रेटर नोएडा,** 25 जनवरी, (देशबन्धु)। नॉलेज पार्क स्थित अंसल मॉल में दिखाई जा रही फिल्म पद्मावत को देख कर बाहर निकले दर्शकों ने फिल्म को काफी सराहा है। दर्शकों ने बताया कि फिल्म में राजपूतों की शान माने जानी वाली रानी पद्मावती को काफी अच्छी तरह से दिखाया गया है जबकि खिलजी व पद्मावती का कोई दृश्य साथ में नहीं है। अंसल मॉल में अंदर व बाहर पुलिस के साथ पीएसी बल के सिपाही मौजूद रहे। अंसल मॉल का पहला शो जो 9 बजे शुरू होता है उसे दर्शक नहीं होने के कारण नहीं दिखाया गया था। इधर गुरूग्राम में हुई स्कूल बस में तोड़फोड़ को देखते हुए बच्चों की सुरक्षा के लिए नोएड़ा व ग्रेटर नोएडा के स्कूलों को बंद रखा



गया था। अंसल मॉल में लगी फिल्म पद्मावती का जहां पूरे देश में विरोध चल रहा था उसे 25 जनवरी में ग्रेटर नोएडा के मॉल में शांति पूर्ण तरीके से दर्शकों ने देखा।

### फिल्म देखने वालों की राय

फिल्म को देखकर कही भी ऐसा महसूस नहीं हुआ कि इस में राजपूतों की शान पर कुछ गलत दिखाया गया है।

**रामकुमार, बीटेक के छात्र**

रानी पद्मावती के जौहर को बडी मार्मिक तरीके से दिखाया गया है व खिलजी के हठधर्मी को दिखाया गया।

**-दिनेश वर्मा**

फिल्म में किसी भी दृश्य में रानी पद्मावती व खिलजी को एक साथ नहीं दिखाया गया है। फिल्म देखकर नहीं लगा कि कहीं भी कुछ गलत है।

**-नितिन**

## प्रबंधन के छात्रों को तनाव दूर करने के लिए योग के लिए किया प्रेरित



**ग्रेटर नोएडा,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। जीएल. बजाज संस्थान के प्रबंधन विभाग में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन सिगनिफेकेन्स ऑफ कामनेरिव वैलनेस इन कार्पोरेट वर्क लाइफ वैलेंस विषय पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रबन्ध संस्थान के डीन प्रो. डॉ. मुकुल गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत किया, व छात्रों को छात्र जीवन व व्यवसायिक जीवन के अन्तर तथा इनमें सामन्जस्य स्थापित करने की शिक्षा दी। सेमिनार की मुख्य वक्ता सुमिता भदरी में प्रबंधक कम्युनिटी आउटरिच, माइंड पाइपर व रस्ती सिन्हा प्रबन्धक इनोवशन, माइन्ड पाइपर ने प्रबंधन के छात्रों को बताया के छात्र जीवन व व्यवसायिक जीवन दोनों में अन्तर होता है। जब एक छात्र प्रबंधन की शिक्षा पूरी कर व्यवसायिक जीवन में प्रवेश करता है तो उसे अनेक चुनौतियों का सामना करना पडता है, जिसके परिणाम स्वरुप उसका निजी जीवन और व्यवसायिक जीवन दोनों प्रभावित होता है और वह मानसिक रूप से परेशान हो जाता है और तनाव की स्थिति आ जाता है। जो उसके करियर ग्रोथ को प्रभावित करता है। अतः छात्रों को अपनी निजी व व्यवसायिक जिंदगी में समानता तथा मानसिक तनाव से मुक्ति के लिए योग व ध्यान करना चाहिए, जिसमें छात्रों का मानसिक तनाव कम होगा और वे एकाग्र होकर करियर ग्रोथ पर काम कर सकेगें।

## साम्प्रदायिक सौहार्द व मुस्लिम एकता दर्शाती है द ब्रदरहुड-फिल्म ट्रिव्यूनल

### फिल्म ट्रिब्यूनल ने सेंसर बोर्ड की आपत्तियों को किया खारिज

ग्रेटर नोएडा, 25 जनवरी (देशबन्धु)। बिसाहड़ा कांड की पृष्ठभूमि में हिन्दू-मुस्लिम एकता पर बनी डॉक्यूमेंटरी फिल्म द ब्रदरहुड को फिल्म ट्रिब्यूनल ने मंजूरी दे दी है। फिल्म देखने के बाद ट्रिब्यूनल ने कहा, यह देश में हिन्दू व मुस्लिमों के बीच सांप्रदायिक सौहार्द्र को बढ़ावा देने वाला प्रशसंनीय प्रयास है। सेंसर बोर्ड की आपत्तियों का कोई आधार नहीं है।

फिल्म न केवल बिना काट-छांट के प्रदर्शित होगी बल्कि सेंसर बोर्ड को यूए की बजाय यूवी सार्टिफिकेट देने का आदेश दिया है। सांप्रदायिक सौहार्द्र और हिन्दू-मुस्लिम एकता पर बनी डॉक्यूमेंटरी फिल्म 'द ब्रदरहुड' पर भी बोर्ड को कई आपत्ति थीं। महज 24 मिनट की




फिल्म में तीन बड़े कट लगाने का आदेश बोर्ड ने दिया था। उसके बाद भी बोर्ड यू-ए सर्टिफिकेट देना चाहता था। जबकि निर्माता यूवी सर्टिफिकेट मांग रहे थे। डॉक्यूमेंटरी फिल्म 'द ब्रदरहुड' का निर्माण जर्नलिस्ट पंकज पाराशर ने किया है। यह फिल्म बिसाहड़ा गांव में अखलाख हत्याकांड (दादरी लिंचिंग केस) के बाद पैदा हुए हालातों की पृष्ठभूमि में ग्रेटर नोएडा के दो गांवों घोड़ी बछेड़ा व तिल बेगमपुर के ऐतिहासिक रिश्तों पर आधारित है। निर्माता और निर्देशक पंकज पाराशर ने बताया, फिल्म की कहानी और विषयवस्तु लोगों के लिए प्रेरणादायक है।

घोड़ी बछेड़ा गांव में भाटी गोत्र वाले हिन्दू और तिल बेगमपुर गांव में इसी गोत्र के मुस्लिम ठाकुर हैं। लेकिन घोड़ी बछेड़ा गांव के हिन्दू तिल बेगमपुर गांव के मुसलमानों को बड़ा भाई मानते हैं। मतलब, एक हिन्दू गांव का बड़ा भाई मुस्लिम गांव है। फिल्म बताती है कि अखलाख हत्याकांड जैसे दुर्भाग्यपूर्ण हादसे से यहां के सामाजिक ताने-बाने पर कोई असर नहीं पड़ा। यहां के लोग इसे केवल राजनीति करार देते हैं।

## विदायी समारोह में होनहार विद्यार्थी हुए सम्मानित



रायन स्कूल की मैनेजिंग डायरेक्टर ग्रेस पिन्टों ने बच्चों का बढ़ाया हौंसला

**ग्रेटर नोएडा,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। रायन इंटरनेशनल स्कूल में बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मैडम ग्रेस पिन्टो, मैनेजिंग डायरेक्टर रायन ग्रुप शामिल ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि कठिन परिश्रम करते अच्छा नागरिक बने और देश का नाम रौशन करें।

इस अवसर पर होनहार बच्चों को सम्मानित किया गया। रायन प्रिंस का अवॉर्ड अदित जैन व प्रिसेज का अवार्ड नंदना भट्टाचार्य को ओवर ऑल प्रदर्शन पर दिया गया। शैक्षिक क्षेत्र में प्रदर्शन के लिए कौशिक राजेश और निहारिका को, स्टार स्पोर्ट्स के लिए यजुर्वेदा जन्मेदा और गरिवा जोशी, वक्तृत्व कौशल पुरस्कार के लिए शिवांग गुप्ता और श्रुति मित्तल। आल राउंडर बेस्ट स्टूडेन्ट अवार्ड रुचिल, डीएनएसएस सृलता। नृत्य के लिए निर्णायक फीट पुरस्कार हिमांशु सपरा व मुस्कान पाण्डेय। गाने के लिए नाइटिंगल अवार्ड मृनल विज व उमंग सिंघल। एवीआईडी रीडर एडवार्ड अक्षय चौहान व दुर्गा कल्यानी। गणित का अवार्ड राजीव भाटी और मानवी गोयल। टेक्नो सेवी अवार्ड आदित्य बंसल।

## गणतंत्र दिवस के पूर्व संध्या पर शहीदों के नाम दी श्रद्धांजलि

**ग्रेटर नोएडा,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। एक शाम शहीदों के नाम को लेकर गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर दीप प्रज्ज्वलन श्रृंखला का आयोजन कालेजों एवं विद्यालयों में किया गया। शारदा विश्वविद्यालय में अमर शहीदों को याद करते हुए एक दीप श्रंखला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर देशभक्ति गीतों के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। शारदा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बीएस. पंवार ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें देश को विकसित राष्ट्र बनाकर ही अमर शहीदों को असली श्रद्धांजलि होगी। विकसित राष्ट्र बनाने के लिए छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ शोध पर ध्यान देना होगा। इस अवसर पर शारदा विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति डॉ. रणजीत गोस्वामी, खेल निदेशक डॉ. अरुण कुमार, कुलसचिव अमल कुमार सहित कई अधिकारी उपस्थित थे। इसी के साथ सावित्रीबाई फूले बालिका इंटर कॉलेज में छात्राओं ने शहीदों के नाम दीप श्रृंखला बनाई और देशभक्ति गीत गाकर अमर शहीदों का याद किया।




## बैठक

### केंद्रीय मंत्री ने जिला विकास विकास समन्वय निगरानी समिति की बैठक

## सरकारी योजनाएं आमजन तक शीघ्र पहुंचे : शर्मा

ग्रेटर नोएडा, 25 जनवरी (देशबन्धु)। केंद्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से जो भी योजनाएं जिले में संचालित हो रही है, उन्हें अधिकारी पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय अवधि के दौरान उन्हें पूर्ण करें, ताकि सरकार की योजनाओं का लाभ तीव्र गति से जन सामान्य को मिल सके। केंद्रीय मंत्री शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला विकास समन्वय व निगरानी समिति दिशा की बैठक में अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान कर रहे थे।

उन्होंने संचालित योजनाओं की आयोजित बैठक में समीक्षा की और अधिकारियों से कहा कि सभी कार्यक्रमों को सरकार की मंशा के अनुसार संचालित किया जाए। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम आदि कार्यक्रमों की गहनता के साथ समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि जिन योजनाओं के साथ प्रधानमंत्री का नाम जुड़ा हुआ है सभी योजनाओं में संबंधित अधिकारियों के द्वारा पूर्ण गुणवत्ता के साथ कार्यवाही की जाए और समस्त कार्यक्रमों को पूर्ण पारदर्शिता के साथ संचालित करते हुए उनका लाभ जनता तक पहुंचाया जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री



ग्राम सड़क योजना के संबंध में कहा कि सभी कार्यो को मार्च तक पूर्ण करने की कार्रवाई की जाए और सभी कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। डॉ. महेश शर्मा ने समस्त अधिकारियों का इस अवसर पर यह भी आह्वान किया कि जिन योजनाओं में धनराशि मिलने में यदि किसी प्रकार की कठिनाई हो रही हो तो उसके संबंध में उन्हें अवगत करा दिया जाए, ताकि उच्च स्तर से संबंधित धनराशि अवमुक्त कराई जा सके। जनपद गौतमबुद्ध नगर औद्योगिक विकास की दृष्टि से बहुत ही महत्वपूर्ण जनपद है और सरकार की कौशल विकास मिशन योजना का लाभ इस जनपद में अधिक लोगों तक पहुंचाया जा सकता है। अतः इस कार्यक्रम में लगे अधिकारीगण व अधिक गंभीरता दिखाते हुए स्थानीय आवश्यकता के आधार पर कौशल विकास मिशन के अंतर्गत प्रशिक्षण दिलाने की कार्रवाई करें, ताकि इस योजना का लाभ जनता को और अधिक प्राप्त हो सके।

## लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं को जोडने पर हुआ मंथन

**ग्रेटर नोएडा,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी की एक जिला बैठक अल्फा-एक सामुदायिक केंद्र में हुई बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विजय भाटी व संचालन जिला महामंत्री सेवानंद शर्मा ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि युवा मोर्चा जिला प्रभारी प्रदीप गुप्ता विशिष्ट अतिथि जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह शामिल हुए। युवा मोर्चा प्रभारी प्रदीप गुप्ता ने कहा कि जो युवा 2018 1 जनवरी तक 18 साल की आयु के हुए हैं उनकी बोर्ड बनाने का कार्य युवा मोर्चा के पदाधिकारी कार्यकर्ता वह जिला इकाई की टीम बनाने के कार्य में करें, क्योंकि आगामी आम चुनाव 2019 की तैयारी में अभी से सभी कार्यकर्ता जुट जाएं। जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी के सपनों को साकार करने के लिए सभी कार्यकर्ता युवा वोटरों के वोट बनवाने के लिए लग जाए और उन्होंने कहा कि आज प्रदेश से भ्रष्टाचार गुंडाराज पूरी तरह से समाप्त हैं भयमुक्त शासन प्रदेश की सरकार कर रही है और प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी ने देश के बड़े बड़े उद्योगपतियों के साथ बैठक कर उनसे प्रदेश में निवेश करने के लिए कहा है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष विजय भाटी और पूर्व जिला अध्यक्ष मेरठ जिला प्रभारी श्रीचंद शर्मा ने कहा कि सभी कार्यकर्ता जनता के कार्यों में सहभागिता निभाते हुए नए वोटरों के वोट बनवाने का कार्य करें और केंद्र व प्रदेश की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें जिससे जनता का भला हो।